संगोष्ठी में परिणाम आधारित शिक्षा पर की चर्चा

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में परिणाम आधारित शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी गुणवत्ता संवर्धन के लिए शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं पर आधारित रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त ने विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों पर जोर दिया। मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रो. प्रीति जैन ने कहा कि पाठ्यक्रम और मूल्यांकन को उद्देश्यपूर्ण बनाकर ही शिक्षा में गुणवत्ता लाई जा सकती है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. भानु प्रताप सिंह ने प्रभावी शिक्षण के गुर साझा किए। रिसोर्स पर्सन सत्र में तकनीक और डिजिटल उपकरणों की भूमिका पर चर्चा हुई। संगोष्ठी में देशभर से आए विद्वानों ने कुल 70 शोध-पत्र प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने भविष्य में भी ऐसे नवाचारों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। अंत में डॉ. राकेश ने सभी का आभार व्यक्त किया। संवाद

अमर उजाला
15/03/2026